उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 11.03.2024
महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

# पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा सम्बन्धित को समस्या निस्तारण हेतु जरिये दूरभाष दिये गये आवश्यक निर्देश।

जनपद महोबा में पीड़ित/शिकायतकर्ता की समस्याओं के समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की जा रही है, जनता की समस्याओं के समाधान के क्रम में आज दिनांक 11.03.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं एवं समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा जनता की समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित को मौके पर जरिये दूरभाष आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित को आदेशित किया गया कि मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें, लापरवाही की सूचना पर सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावनी प्रदान की गयी साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति


दिनांक- 11.03.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांक 11.03.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम् के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस बल द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि सभी अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक करें व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा करें। जिसके क्रम में जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया, अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।






## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर आगामी ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए अग्निशमन टीम द्वारा जनपद अवस्थित विभिन्न बरात शालाओं, मैरिज हाउस का अग्निसुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण किया गया – अग्निशमन टीम ने त्वरित कार्यवाही कर नगर पालिका डंपिंग सेन्टर में लगी आग पर पाया काबू...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर आगामी ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत आज दिनांक- 11.03.2024 को जनपद महोबा में संचालित विभिन्न बरात शालाओं, मैरिज हाउस का अग्निसुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण किया गया। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी देवेश तिवारी के नेतृत्व में अग्निशमन टीम महोबा द्वारा अभियान के तहत बारात शालाओं एवं भवनों में उपलव्ध /स्टाफ/कर्मचारियों को अग्नि से सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया तथा होटल भवन में उपलब्ध/स्थापित अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को सदैव क्रियाशील रखे जाने तथा मानक के अनुरूप अग्नि सुरक्षा व्यवस्था स्थापित किए जाने एवं जीर्ण शीर्ण विधुत बायरिंग को बदले जाने तथा अकार्यशील अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को क्रियाशील किए जाने हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया।

इसी क्रम में अग्निशमन टीम महोबा को थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रअन्तर्गत नगर पालिका डंपिंग सेंटर में आग लगी होने की सूचना प्राप्त हुई, सूचना के आधार पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी मय फायर टेंडर के मौके पर पहुंचकर नगर पालिका डंपिंग सेन्टर में लगी हुई आग पर फायर टेंडर से पंपिंग करके काबू पाया गया कोई जनहानि नहीं हुई । साथ ही आग को आस-पास के स्थानों में फैलने से रोका गया है। अग्निशमन टीम की इस त्वरित कार्यवाही की स्थानीय लोगों द्वारा सराहना एवं प्रशंसा की गई है।





प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक- 11.03.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर क्षेत्राधिकारी चरखारी द्वारा मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर न्यूनतम बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया गया। संवेदनशील स्थानों में भ्रमण कर लोगों से वार्ता कर भयमुक्त माहौल के लिए आश्वस्त किया गया।

आज दिनांक 11.03.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को जनपद महोबा में भयमुक्त माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौंड एवं उपजिलाधिकारी चरखारी के साथ संयुक्त रुप से थाना चरखारी क्षेत्रअन्तर्गत विभिन्न मतदान केन्द्रों सहित जवानों के ठहरने हेतु चिन्हित किये गये स्थलों का भौतिक सत्यापन भी किया गया जिसमें सभी मूलभूत सुविधाओं जैसे कमरे, लाइट, पखें, पानी की व्यवस्था, शौचालय आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया तथा जो भी कमियां मिली उन्हें दूर करने के लिए सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में संवेदनशील, अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों के भौतिक सत्यापन के दौरान स्थानीय लोगो से संवाद स्थापित किया गया जिसमें सभी से वार्ता कर क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति सहित पूर्व में हुए विवादों की समीक्षा की गयी। इस दौरान स्थानीय लोगो को भयमुक्त माहौल के लिये आश्वस्त किया गया तथा किसी भी अपराध पर सम्बन्धित अपराधी के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही किये जाने का भरोसा दिया गया।










उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक- 11.03.2024**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण, सकुशल व भयमुक्त माहौल में सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत अतिसंवदेनशील/संवेदनशील मतदान केन्द्र/बूथों का किया गया निरीक्षण

## केंद्रीय सुरक्षा बल के ठहरने हेतु चिन्हित विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया, समस्त व्यवस्थाओं को समय से दुरुस्त किये जाने के दिए गए निर्देश...।

आगामी प्रस्तावित लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की प्रक्रिया को शान्तिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा तैयारिया की जा रही हैं । जिसके क्रम में की जा रही तैयारियों की समीक्षा किये जाने हेतु आज दिनांक 11.03.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री सत्यम व प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में थाना कबरई क्षेत्रअन्तर्गत पड़ने वाले अतिसंवेदनशील/संवेदनशील मतदान केन्द्र/बूथों क्रमशः कन्या प्राथमिक विघालय मकरबई कम्पोजिट, पूर्व माध्यमिक विघालय सुरहा, प्रा0 वि0 अलीपुरा, श्री भारती जूनियर हाईस्कूल गहरा तथा कम्पोजिट पूर्व माध्यमिक विघालय गंज का स्थलीय निरीक्षण/भौतिक सत्यापन कर न्यूनतम बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया गया तथा मानक के अनुरुप समस्त सुविधाओं को उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये गये।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक, महोबा द्वारा जवानों के ठहरने एवं उनको उपलब्ध करायी जाने वाली आवश्यक मूलभूत सुविधाओं यथा- बिजली, पानी, शौचालय की समुचित व्यवस्था, भवन के सभी खिड़की दरवाजे सही हालत में हों, संचार व्यवस्था इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने की समीक्षा की गई है। महोदय द्वारा निरीक्षण के दौरान पायी गयी कमियों के निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित कर समस्त समुचित व्यवस्थायें सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए गए हैं।



